**अभियान** | जिले में मनाया जा रहा है हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान

# युद्ध नायकों को दी श्रद्धांजलि, निकाली तिरंगा यात्रा



**जबलपुर नवभारत।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। विगत दिवस शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में कारगिल विजय दिवस और हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया था। जहां कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजली अर्पित की और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर झंडे के साथ सेल्फी लेने और पोस्टर के साथ अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गई थी। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन भी किया गया। 29वीं वाहनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल जमतरा केम्प में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत जवानों ने मोटर साइकल रैली निकाली। इसाई समुदाय द्वारा तिरंगा यात्रा सिविक सेंटर से मालवीय चौक, करमचंद चौक, जयंती टॉकीज तक निकाली गई।

### 3 चरणों में मनाया जायेगा अभियान

इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना ने ग्रामीण विकास, शिक्षा, नगर निगम, जन अभियान परिषद सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अभियान को प्रभावी बनाने के लिए गतिविधियां आयोजित करें। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांव-गांव तिरंगा अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निर्देशित किया वहीं शिक्षा विभाग ने भी सभी स्कूलों में हर घर तिरंगा अभियान को प्रभावी बनाने को कहा। जिसमें रंगोली, चित्रकला व अन्य प्रतियोगिताओं के साथ इस अभियान में स्वच्छता को जोड़ने की गतिविधियां की जायेगी। नगर निगम द्वारा 13 अगस्त को अभियान अंतर्गत स्वच्छता को जोड़ते हुए साइक्लोथान किया जायेगा, वहीं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मानस भवन में स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम भी किया जायेगा। यह अभियान 3 चरणों में मनाया जाएगा। जो 8 से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य देशभक्ति और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। साथ ही च्हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग की थीम अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा।



# पांच इंद्रियों से मिलने वाला सुख पाप का बीज है

▶ आचार्यश्री विद्यासागर महाराज भवन में धर्म सभा

**जबलपुर नवभारत।** आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा सभा भवन में आयोजित धर्म सभा में आचार्यश्री समयसागर ने उपस्थित धर्मावलंबियों को उपदेश देते हुए कहा कि पाँच इंद्रियों के माध्यम से प्राप्त होने वाला सुख पाप का बीज है और कर्म के अधीन है। यह सुख दुख से मिश्रित होता है तथा इसमें निरंतरता नहीं होती। जब साता यानी अच्छे कर्म का उदय होता है, तब सुख का अनुभव होता है, और जब असाता बुरे कर्म का उदय होता है, तब दुख का अनुभव होता है। इस प्रकार यह चक्र निरंतर चलता रहता है। जीव कभी सुखी तो कभी दुखी बना रहता है, जबकि शुद्ध अवस्था में प्राप्त होने वाला सुख अनंत होता है। यह सुख सिद्ध परमेष्ठी को प्राप्त होता है, जहाँ निरंतर सुख है और दुख की कणिका भी नहीं होती। वह सुख कभी समाप्त नहीं होता। आत्मा को किसी भी प्रकार के परिग्रह की आवश्यकता नहीं होती। जड़ पदार्थ का आत्मा पर प्रभाव पड़ता है, इसलिए लक्ष्मी के पीछे नहीं भागना चाहिए। लक्ष्मी की पूजा न करें, बल्कि सरस्वती की पूजा करें। ज्ञान रूपी लक्ष्मी की पूजा करें। धन के संपर्क में आने से ही अनादिकाल से इस जीव का विकास रुका हुआ है। हमें केवल आत्मा का सहारा लेना चाहिए, अर्थात् पंच परमेष्ठी का आलंबन लेना चाहिए, क्योंकि पर पदार्थ का आलंबन लेने से ही कर्म का आश्रव होता है।

### इनको मिला सौभाग्य

धर्म सभा के प्रारंभ में आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के तैल चित्र के समक्ष आयुष जैन (दिल्ली), विपिन जैन (सी.ए.) और सुधीर जैन ने दीप प्रज्ज्वलन किया। आजीवन सूर्यास्त के बाद चारों प्रकार के आहार और जल के त्याग का संकल्प लेने वाले श्रावक-श्राविकाओं ने आचार्यश्री को शास्त्र भेंट किया। आचार्यश्री के पाद-प्रक्षालन का सौभाग्य प्रतिभा मंडल की ब्रह्मचारिणी बहनों को प्राप्त हुआ। धर्म सभा का संचालन अमित पडरिया ने किया।



## साढ़े पांच घंटे धरपकड़, 218 वारंटी दबोचे

**जबलपुर नवभारत।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त कर गुंडे बदमाशों की धरपकड़ की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 85 गैर म्यादी वारिटियों एवं 110 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए 23 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गश्त पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ करने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए बीती रात 09 बजे से रात्रि 2-30 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों, उप पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी के मार्ग निर्देशन में कराई गई। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

# संस्कृत भाषा की जीवन में उपयोगिता पर चर्चा



▶ संस्कृत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर नवभारत।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृत दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. माला प्यासी ने संस्कृत भाषा की जीवन में उपयोगिता पर चर्चा की। संस्कृत में ज्योतिष कर्म के प्रोफेसर, शिक्षा धर्मगुरु के क्षेत्र में विभिन्न रोजगार के अवसर है। संस्कृत दिवस को ऋषि दिवस के नाम से भी जाना जाता है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि संस्कृत भाषा भारती ज्ञान परंपरा की वाहक होने के साथ-साथ इसमें रोजगार के अनेक अवसर भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि संस्कृत न केवल भारत की प्राचीनतम भाषा में से एक है, बल्कि भारतीय संस्कृति साहित्य और दर्शन का आधार भी है। इस अवसर पर संस्कृत साहित्य के विद्यार्थियों ने संस्कृत के सुभाषित श्लोक का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत के प्राध्यापक डॉ. शिवचंद वलके के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ रामेश्वर झरिया डॉ.वंदना जैन, डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. तृप्ति उकास,डॉ. ज्योति जुँगारे, डॉ रश्मि बुनकर,श्रीमती संघ प्रिया, डॉ.सजेदा खान श्रीमती लला बाई लोधी, डॉ. महेंद्र कुशवाहा, डॉ तरुण साकेत डॉ.विपिन कुमार, डॉ. सविता सिंह एवं अधिक संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## शराब के लिए चले चाकू-लट्ठ, तीन घायल

जबलपुर। शराब पीने के लिए रुपए की मांग पूरी न होने पर शराबियों ने तीन थाना क्षेत्र में चाकू और लट्ठ चलाने के साथ जमकर मारपीट की जिसमें तीन लोग घायल हो गए। यह वारदातें रांझी, कटंगी, घमापुर थाना क्षेत्र में हुई हैं। पुलिस ने तीनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। घमापुर पुलिस ने बताया कि रविवार को संदीप राज वंशकार 21 वर्ष निवासी नई कलारी के पास गणेश चौक ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि राहुल वंशकार शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो राहुल ने चाकू से हमला कर दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रांझी पुलिस ने बताया कि प्रकाश अहिरवार 59 वर्ष निवासी कांचघर घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह निजी अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। वंशकार मोहल्ला सामुदायिक भवनके पीछे वंशकार मोहल्ला निवासी शनि वंशकार, गौतम वंशकार, अरूण वंशकार तीनों उससे शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगे, मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट कर चोटें पहुँचा दी।



## अब सरपंच पति ने की शिकायत, बोले साजिश, पूर्व पार्षद की भूमिका संदिग्ध

▶ एसपी ऑफिस में एक पक्ष पूर्व में कर चुका है प्रदर्शन, लगा चुका है गंभीर आरोप

**जबलपुर नवभारत।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को घंसौर से पहुंचे एक पक्ष ने पुलिस पर दबंगों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। एक ने स्वयं पर केरोसीन उड़ेल लिया था वहीं अब दूसरे पक्ष से सरपंच पति ने ग्रामीणों के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की हैं। अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत वर्मा को शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि गांव के मुन्ना चौधरी, भोला चौधरी, जितेन्द्र चौधरी, बाबा चौधरी एवं रम्मू चौधरी द्वारा उन्हें और अन्य ग्रामवासियों को झूठे आपराधिक प्रकरणों में फंसाने की गहरी साजिश रची जा रही है। करीब 8 माह पूर्व इन्हीं व्यक्तियों के पारिवारिक विवाद में एक महिला की संदिग्ध मौत हुई थी। ग्रामवासियों के अनुसार यह घटना एक आपसी झगड़े का परिणाम थी, लेकिन अब इन लोगों द्वारा पुलिस पर दबाव बनाकर दुर्गेश पटेल सहित अन्य ग्रामीणों को हत्या के झूठे मामले में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्गेश पटेल ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे षड्यंत्र में एक पूर्व पार्षद की भूमिका संदिग्ध है।


**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अतः देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को विलयल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों का नाम | सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण | कुल बकाया....रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री सूरज सिंह श्री वीर सिंह श्रीमती दशोदा बाई संस्कार किराना (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10326531) | पटवारी हल्का संख्या 13/24 का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 400 फीट, खसरा संख्या 47बी से बाहर, तेजगढ़ (खुर्द), तहसील एवं जिला-दमोह, मध्य प्रदेश- 470672 - भारत में स्थित क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 400.00, 400.00, 3320.00 | रु. 204101/- (रु. दो लाख चार हजार एक सौ एक मात्र) | 08-04-2025 | 06-08-2025 |
| श्री सुनील दहिया, मा. जानकी बाई दहिया सुनील जनरल गारमेंट्स स्टोर (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10366093) | पटवारी हल्का संख्या 58, खसरा संख्या 512, ग्राम कंदराखेड़ा, पनागर, जबलपुर, मध्य प्रदेश 483220 का वह पूरा टुकड़ा क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 750 | रु. 233404/- (रु. दो लाख तैंतीस हजार चार सौ चार मात्र) | 09-04-2025 | 06-08-2025 |
| श्री वीरेन्द्र कुमार, श्री निखिल कुमार उपाध्याय श्रीमती द्रोपती बाई (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10404632) | पटवारी हल्का संख्या 18, खसरा संख्या 146, ग्राम पटोरी, मझोली, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत, 483336 में स्थित क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कार्पेट क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 900.00, 737.00, 590.00 | रु.463255/- (रुपये चार लाख तिरेसठ हजार दो सौ पचपन मात्र) | 07-04-2025 | 06-08-2025 |
| श्री शेर सिंह श्रीमती राधा बाई (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10523853) | पटवारी हल्का संख्या 06, खसरा संख्या 301, छिंदगुवार, सिवनी, मध्य प्रदेश 480661 का वह पूरा टुकड़ा, क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 861.00, 480.00 | रु.358607/- (रुपये तीन लाख अट्ठावन हजार छह सौ सात मात्र) | 29-03-2025 | 06-08-2025 |
| श्रीमती चुन्ना बाई यादव चुन्ना यादव श्री फोल चांद श्री सोने लाल (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10665111) | ख. संख्या 258, वार्ड संख्या 09, मझोली टोला, ग्राम गैत्रा, मुरवारा, तहसील एवं जिला-कटनी, मध्य प्रदेश, भारत, पिन संख्या 483501 का वह पूरा टुकड़ा, क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, कार्पेट क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 1356.00, 480.00,611.00 | रु.349571/- (रुपये तीन लाख उन्चास हजार पांच सौ इकहत्तर मात्र) | 29-03-2025 | 06-08-2025 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिसः 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला, अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर- 482001 या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस- IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- जबलपुर, दिनांक : 11-8-2025 — प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


## रंगदारी न देने पर जिला अध्यक्ष पर हमला

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना क्षेत्र में रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों ने जिला अध्यक्ष पर बीयर की बॉटर से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर संस्कार गुनानी 20 वर्ष निवासी रसल चौक वर्धमान होटल के पीछे ओमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इलेक्टिोनिक की दुकान चलाता है और वन एवं पर्यावरण विभाग में पौधा रोपण कार्य के लिए जबलपुर में जिला अध्यक्ष के पद पर कार्य करता है, रात लगभग 3 बजे वह एलओडी से खाना खाकर नैक्सा शोरूम के सामने घर वापस जाने के लिये पार्किंग की तरफगाड़ी उठाने जा रहा था तभी उसका दोस्त कोषिक मनवानी की बलीनों कार में पीछे तरफ चार लोग देवेश यादव, साहिल नागपाल, साहिल बसानी, हनी चक्रवर्ती बैठे हुये थे जिसमें से देवेश यादव ने उसे आवाज देकर गाड़ी की तरफबुलवाया और उससे चारों 5 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो चारों ने उसके साथ मारपीट कर दी। देवेश वीयर की खाली बाटल से हमलाकर चोट पहुंचा दी।



## बाइक को टक्कर मार खेत में पलटी बोलेरो

**जबलपुर नवभारत।** शहपुरा थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे 45 नटवारा में बाइक को टक्कर मार बोलेरो अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में बाइक सवार को चोटें आई।

पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह मनोज कुमार चक्रवर्ती 30 वर्ष निवासी ग्राम फुलर भीटा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन क्यू 8671 से बुआ को छोड़ने ग्राम मगरमुहा गया था, बुआ को उनके घर छोड़कर में अपने घर वापस आ रहा था ग्राम नटवारा मुख्य हाईवे मेन रोड़ पर पहुँचा तभी पीछे से बोलरो कार क्रमांक एमपी 20 बीएन 1002 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल मे पीछे से टक्कर मार दिया बोलेरो गाड़ी वहीं खेत में मिट्टी में फस गयी है गिरने से उसे सिर, पीठ में चोट आ गई।

## ट्रेक्टर ले गए चोर

**जबलपुर।** तिलवारा थाने में विशाल यादव 30 वर्ष निवासी नहर के पास ग्राम सिवनी टोला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी करता है। अज्ञात चोर घर के सामने खड़ा उसका स्वराज कम्पनी का ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 एबी 7139 कीमती लगभग 3 लाख रूपये का चोरी कर ले गया।


**RECRUITMENT**

अनुभवी डिस्ट्रीब्यूटर सप्लायर की आव्यशकता हे

वेतन- 12000/-

Phone- 9754456077


## अन्नपूर्णा मुहिम से मिला गरीबों को सहारा

**जबलपुर।** लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल में रविवार 10 अगस्त 2025 को? एलईडी से आयोजित सत्संग में गरीब परिवारों ने बताया कि कैसे उन्हें संत रामपाल महाराज द्वारा चलायी गई अन्नपूर्णा मुहिम के तहत राहत मिली। अन्नपूर्णा मुहिम एक सामाजिक और धार्मिक अभियान है, जिसका उद्देश्य है- भूखमुक्त समाज बनाना और जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराना। सत्संग में बताया गया कि कैसे लाखों परिवार गरीबी की समस्या से परेशान हैं। और फिर संत रामपाल जी महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम के तहत उन्हें जीवन जीने की बुनियादी चीजें प्रदान की गई। यह मुहिम न केवल भूख मिटा रही है, बल्कि मानवता को जोड़ रही है। सत्संग समाप्ति के पश्चात कुछ श्रद्धालुओं ने निःशुल्क नामदीक्षा ली और हर बार की तरह इस बार भी , चाय राम , जलाराम ,आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई ।


**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर मण्डल जबलपुर**

कार्यालय- तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक/914/ निविदा/ग्रायांसेवा/2025 — दूरभाष 0761(2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in — जबलपुर, दिनांक : 05/08/2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/2025-26**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों के निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 6 में अंकित पी.ए.सी. की राशि 1.00 करोड़ से अधिक होने पर तीन लिफाफा पद्धति एवं पी.ए.सी. की राशि रूपये 1.00 करोड़ से कम होने पर दो लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा लागू निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।( निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियों ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी। ) विवरण निम्नानुसार हैः-

| स. क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा लागत (PAC) (राशि रूपये में) | अमानत राशि (राशि रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रूपये में ) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | नरसिंहपुर | 2025_RES_442258_1 | जनपद पंचायत भवन निर्माण 02 नगः 1. करेली, 2. चावरपाठा | करेली/ चावरपाठा | 76033950.00 | 760400.00 | 20000.00 | 365 दिवस | प्रथम | 11/04/2022 |
| 2 | नरसिंहपुर | 2025_RES_442260_1 | जनपद पंचायत भवन निर्माण 02 नगः 1.नरसिंहपुर, 2. गोटेगांव | नरसिंहपुर/ गोटेगांव | 76033950.00 | 760400.00 | 20000.00 | 365 दिवस | प्रथम | 11/04/2022 |
| 4 | नरसिंहपुर | 2025_RES_442262_1 | घाट एवं सौन्दर्यीकरण कार्य महादेव पिपरिया | नरसिंहपुर | 44480911.00 | 445000.00 | 15000.00 | 365 दिवस | प्रथम | 11/04/2022 |
| 3 | नरसिंहपुर | 2025_RES_442263_1 | अटल ट्रिकरिंग लैब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण-1. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कन्या एम.एल.बी. नरसिंहपुर 2. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल खमरिया (झाँसीघाट) | नरसिंहपुर/ गोटेगांव | 2643806.00 | 50000.00 | 5000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11/04/2022 |
| 4 | नरसिंहपुर | 2025_RES_442264_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण-1. शासकीय नवीन माध्यमिक शाला खैरूआ 2. शासकीय प्राथमिक शाला खिरकाटोला साईखेड़ा 3. शासकीय हाईस्कूल पिपरिया कलां के कम्प्यूटर लैब हेतु 4.शासकीय हाईस्कूल भटेरा में कम्प्यूटर लैब हेतु 5. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल बालक (बी.टी.आई.) गाडरवारा अटल ट्रिकरिंग लैब हेतु। | चीचली/ साईखेड़ा | 6620438.00 | 66300.00 | 10000.00 | 270 दिवस | प्रथम | 11/04/2022 |

नोट- सं.क्र. 1 एवं 2 हेतु ठेकेदार को सिविल श्रेणी/विद्युत कार्य हेतु म.प्र. लाईसेन्स बोर्ड का "ए" क्लास में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates) :-
1. Date of Publishing of Tender/Document Download/Sale Start Date - 13/08/2025 (11:00AM)
2. Technical Bid Submission End Date - 27/08/2025 (06:00PM)
3. Bid Opening Date - 29/08/2025 (11:00AM)

जी-17018/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता — अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर मण्डल जबलपुर


## पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप सीएम हेल्पलाइन में शिकायत

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में 12 जनवरी 2025 को हुए एक मकान में आग लगने से 10 डॉग, एवं कुछ बर्डस् जिंदा जलकर खाक होने के मामले की शिकायत थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई लेकिन अब तक पुलिस ने अब सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर दी हैं।

शिकायतकर्ता अजीत सिंह आनंद उर्फ मंगे सरदार पिता स्व, भगत सिंह आनंद निवासी आदर्श नगर ग्वारीघाट ने बताया कि संजीवनी नगर थाना अंतर्गत एक महिला काजल कुंडू मकान में अकेली रहती थी जिसने अपने साथ 10-12 डॉग एवं कुछ बर्डस् पाली हुई थी। 12 जनवरी को आगजनी की घटना में डॉग्स और बड्र्स झुलस गए थे जिससे उनकी मौत हो गई थी। अज्ञात आरोपियों द्वारा मकान में आग लगाई गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। किराएदार व मकान मालिक से भी पूछताछ नहीं की गई पुलिस ने जांच को बंद कर दिया हैं। डॉग्स लवर्स ने मामले में निष्पक्ष जांच और आपराधिक मामला दर्ज करने के साथ दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।


**मॉयल लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
मॉयल भवन, 1-ए, काटोल रोड़, नागपुर - 440 013
CIN: L99999MH1962GOI012398

निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रामाणिक एवं अनुभवी ठेकेदारों से तीन भागों में **वैश्विक निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण एवं स्थान | समापन अवधि | ईएमडी राशि | अनुमानित लागत (लगभग) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मॉयल लिमिटेड के चिकला खदान (तुमसर तहसील, भंडारा जिला, महाराष्ट्र, भारत, पिन कोड – 441907) में टर्नकी आधार पर तीसरे वर्टीकल शाफ्ट का डिज़ाइन, निर्माण, फर्निशिंग एवं उपकरणों की स्थापना। निविदा क्रमांक MOIL/MOIL LIMITED/Project/4/2025-26/ET/30 | 48 माह | INR 0.50 करोड़ | INR 208.17 करोड़ प्लस जीएसटी जैसा लागू हो |

उपरोक्त निविदा दस्तावेज का विवरण और ई-निविदा के शेड्यूल के लिए, कृपया वेबसाइट्स – मॉयल की वेबसाइट **https://moil.nic.in** एवं ई-निविदा वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/eprocn/** (ई-बिड के लिए) तथा भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक खरीद (**CPP**) पोर्टल (**https://eprocure.gov.in**) पर जायें। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, तो उपरोक्त वेबसाईट्स पर अपलोड किया जायेगा एवं समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

*महाप्रबंधक (तकनीकी)*
*मॉयल लिमिटेड*

हर एक काम, देश के नाम
मॉयल - इस्पात को शक्तिशाली बनायें